**MP METRO NEWS**

**8 FEBRUARY 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Raj Express | Bhopal | 8.02.2024 | 03 | भोपाल को जल्द मिलेगी दो ओर मेट्रो ट्रेन, चार-पाँच दिन मे आएंगी | Neutral |


www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्यास्त (गुरुवार): 06:12 सूर्योदय (शुक्रवार): 06:58
तापमान अधिकतम 26.8° न्यूनतम 13.4°
भोपाल
गुरुवार, 08 फरवरी 2024


मंगलवार-बुधवार रात गुजरात से हुई रवाना

# भोपाल को जल्द मिलेंगी दो और मेट्रो ट्रेन, चार-पांच दिन में आएंगी

**भोपाल में दो रूट एम्स से करोंद और डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के लिए कुल 27 ट्रेनों की जरूरत**

भोपाल ▪ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी को दो और मेट्रो ट्रेन जल्द मिलेंगी। ट्रेन लेकर ट्रॉले मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात गुजरात के वड़ोदरा स्थित सांवली प्लांट से रवाना हो चुके हैं। यह चार-पांच दिन में भोपाल पहुंचने की संभावना है। इसके बाद दोनों ट्रेन से ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। इंदौर के लिए दूसरी ट्रेन पिछले महीने की शुरुआत में पहुंच चुकी है। इसके कुछ दिन बाद एक ट्रेन भोपाल के लिए रवाना की जाना थी। जरूरी औपचारिकताएं व अन्य कारणों से ऐसा नहीं हो पाया। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के बताया कि अब एक साथ दो मेट्रो भोपाल के लिए रवाना हो गई हैं।



## जून-जुलाई में शुरू होगा पैसेंजर रन

राजधानी में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो के ट्रायल रन का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले साल तीन अक्टूबर को किया था। इस रूट को एम्स तक बढ़ाया जाना है। यह रूट करीब साढ़े सात किमी लंबा होगा। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन जून-जुलाई में इस मार्ग पर यात्रियों के साथ मेट्रो का संचालन शुरू करने का टारगेट लेकर चल रहा है। हालांकि, अभी रानी कमलापति स्टेशन से एम्स तक का रूट आपस में जुड़ नहीं पाया है। इसके लिए रानी कमलापति से डीआरएम ऑफिस स्टेशन के बीच स्टील के रेलवे ओवरब्रिज के साथ ही सड़क के ऊपर ब्रिज बनाया जाना है। इसके पार्ट्स एक-दो महीने से डीआरएम ऑफिस के पास रखे हुए हैं। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद सभी हिस्सों को जोड़ कर ब्रिज तैयार किया जाएगा। ऐसा होने के बाद मेट्रो का ट्रायल रन सुभाष नगर से एम्स तक किया जाएगा। खास बात यह है कि इस रूट पर मेट्रो को न्यूनतम दो हजार किमी का ट्रायल रन अनिवार्य तौर से करना होगा।

## 18 सितंबर को मिली पहली ट्रेन

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कोच के निर्माण का जिम्मा अल्सटॉम इंडिया लिमिटेड कंपनी को सौंपा है। कंपनी ने मार्च, 2023 में सांवली स्थित प्लांट में कोच बनाना शुरू किया था। महज पांच से छह महीने में ही पहली ट्रेन इंदौर को डिलीवर कर दी थी। राजधानी को पहली मेट्रो पिछले साल 18 सितंबर को मिली थी। पैसेंजर रन शुरू करने के पहले ऐसी तीन और मेट्रो ट्रेन की जरूरत होगी। इसमें से दो से तीन ट्रैक पर चलाई जाएंगी और एक बैक अप के तौर पर रखी जाएगी। यहां बता दें कि भोपाल में दो रूट एम्स से करोंद और डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के लिए कुल 27 ट्रेनों की जरूरत पड़ेगी।

## 1050 यात्री कर सकेंगे सफर

प्रत्येक मेट्रो ट्रेन में तीन कोच है। एक डिब्बे में 50 लोग बैठ कर और 300 व्यक्ति खड़े होकर सफर कर सकेंगे। इस तरह एक ट्रेन में 1050 यात्री सवार हो सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रति घंटा रहेगी। भोज मेट्रो को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि दो-तीन साल बाद इसे बिना ड्राइवर के चलाया जा सकेगा।

**Metro News**
**12.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | Dainik Jagran | Bhopal | 12.02.2024 | 03 | 2 मेट्रो ट्रेनें और पहुंची, ट्रैक पर 2 हजार किमी दौड़ाकर देखी जाएगी फिटनेस | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल, 12 फरवरी 2024

राजधानी जागरण 03


# 2 मेट्रो ट्रेनें और पहुंचीं, ट्रैक पर 2 हजार किमी दौड़ाकर देखी जाएगी फिटनेस

**जागरण, भोपाल।** गुजरात के सांवली बडोदरा से 3-3 कोच की 2 और ट्रेन शनिवार को भोपाल आ गईं। 6 बड़ं ट्रॉलों में सभी 6 कोच लाए गए। लंबाई ज्यादा होने से ट्रॉलों की रफ्तार कम रही। इस वजह से 600 किमी की दूरी तय करने में 3 दिन लगे। अब तक भोपाल में 3 मेट्रो ट्रेन आ चुकी हैं। 24 ट्रेन के 72 कोच और आएंगे। बता दें कि भोपाल में कुल 27 और इंदौर में 25 मेट्रो आएंगी। हर मेट्रो ट्रेन में 3-3 कोच हैं। अब तक इंदौर में 2 ट्रेनें आ चुकी हैं, जबकि भोपाल में पहले एक ट्रेन ट्रायल रन के लिए आई थी। अब दो मेट्रो ट्रेन के 6 कोच और आ गए हैं। इनके आने के बाद कुल 3 मेट्रो ट्रेन हो गई हैं। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों ने बताया कि ट्रैक और ट्रेन की फिटनेस जांचने के लिए मेट्रो को कम से कम 2 हजार किलोमीटर चलाया जाता है। इसलिए सितंबर-अक्टूबर में ट्रायल रन होने के बाद से ही मेट्रो को लगातार ट्रैक पर चलाया जा रहा है। दूसरी और तीसरी ट्रेन को भी इतनी ही लंबाई तक दौड़ाया जाएगा।

**24 ट्रेन के 72 कोच और आएंगे, सितंबर-अक्टूबर में होगा ट्रायल रन**



## इंस्टॉलेशन के बाद ट्रैक पर लाएंगे

गुरुवार को 6 ट्रॉलों में कोच गुजरात से रवाना हो गए थे। शनिवार को कोच भोपाल पहुंच गए। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसरों ने बताया कि दो-तीन दिन में इसे इंस्टॉलेशन कर लिया जाएगा। फिर उन्हें ट्रैक पर लाया जाएगा। कमर्शियल रन से पहले मेट्रो बिना पैसेंजर के 2000 किमी चलाई जाएगी, ताकि ट्रेन और ट्रैक दोनों का फिटनेस देखा जा सके। आने वाली दो ट्रेनों को भी ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा।

## ऑरेंज लाइन में हुआ ट्रायल

पिछले साल 3 अक्टूबर को भोपाल में ट्रायल रन किया गया था। 6.22 किलोमीटर की ऑरेंज लाइन में आने वाले 8 स्टेशनों में से पांच स्टेशन-सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल, एमपी नगर और रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रायल रन हुआ था। इसके बाद से ही ट्रेन को ट्रैक पर दौड़ाया जा रहा है।

## मेट्रो स्टेशनों का काम पूरा करने पर फोकस

मई-जून 2024 में मेट्रो को आम लोगों के लिए चलाने का टारगेट है। इसलिए मेट्रो के बाकी बचे कामों पर फोकस किया जा रहा है। खासकर अलकापुरी, एम्स और डीआरएम ऑफिस के स्टेशनों के काम में तेजी लाई गई है। वहीं, सुभाष नगर, डीबी मॉल के सामने, एमपी नगर, रानी कमलापति और केंद्रीय स्कूल स्टेशनों पर सिविल वर्क पूरे होने के बाद फिनिशिंग वर्क भी पूरे किए जा रहे हैं। डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और एमपी नगर स्टेशनों पर शेड का काम भी हो रहा है। हालांकि, मेट्रो पर बजट का आभाव भी देखने को मिल रहा है। इस कारण काम की रफ्तार थोड़ी धीमी हो गई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 03 | Free Press Journal | Bhopal | 12.02.2024 | 03 | City may get two more Metro trains in march-april | Neutral |


BHOPAL CITY

BHOPAL | MONDAY | FEBRUARY 12, 2024 www.freepressjournal.in




# City may get two more Metro trains in March-April

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

## Recently arrived Metro trains will be subjected to safety trials shortly



After two sets of Metro trains reached the city on Saturday, the project officials are making all efforts to get two more trains in March or April.

"We are hopeful of getting two more Metro trains in March or April," said a senior officer of the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited.

Meanwhile, of the two recently-arrived Metro trains, one was unloaded on Saturday, while another was on Sunday. From Monday, the work of connecting the Metro coaches will start.

Once the coaches are connected then the safety trial runs will start. They will be run on the tracks with limited speed and their safety features will be checked thoroughly.

The Metro train coaches are being manufactured in Vadodara of Gujarat.

The documentation of the safety trial runs will be prepared as this will be useful during the reviews of safety trial runs.

Moreover, the officers are also waiting for the review of the project from the end of urban administration and development minister Kailash Vijayvargiya.

Sources in the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited said that the impetus is on to complete the works of stations as soon as possible. The interior works of the stations were being completed at lightning speed.

In the first phase, Metro trains would run between eight stations and their operation is likely to be opened to the public by the middle of the year or little later. The approval for public transportation will be given by the safety commission after carrying out the necessary review of the project.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | People Samachar | Bhopal | 12.02.2024 | 04 | दो और मेट्रो कोच पहुं | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 February 12, 2024

# दो और मेट्रो कोच पहुंचे भोपाल, ट्रैक पर रखे गए



**भोपाल।** गुजरात के सांवली, बडोदरा से 850 किमी का सफर तय कर दो मेट्रो के छह कोच शनिवार शाम को मेट्रो डिपो में पहुंचे। रविवार तक दोनों मेट्रो के कोच अनलोड कर ट्रैक पर रख दिए गए। पहली मेट्रो सितंबर 2023 में आई थी।

पीपुल्स समाचार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Patrika | Bhopal | 12.02.2024 | 03 | कोच को ट्रेन में बदलने का काम आज से | Neutral |

MY CITY
माय सिटी 03 पत्रिका
भोपाल, सोमवार, 12 फरवरी 2024

## शनिवार को गुजरात से आए थे मेट्रो के छह कोच

# कोच को ट्रेन में बदलने का काम आज से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



गुजरात से भोपाल आए 6 नए कोच सुभाष डिपो में रखे हैं।

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के गुजरात से भोपाल आए 6 नए कोच रविवार देर शाम तक सुभाष डिपो में अनलोड कर दिए गए। सुभाष ब्रिज के पास मेट्रो डिपो से लगी सड़क के बाहर और अंदर तक यह कोच ट्रालों में रखे रहे। इनसे संबंधित क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था भी बाधित हुई। कुछ कोच ब्रिज चढ़ने वाले रास्ते पर भी खड़े थे। इन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी, जिससे भी वहां जाम की स्थिति बनी। रविवार रात तक इन्हें डिपो के प्लेटफॉर्म तक पहुंचा दिया गया था। डिपो में करीब सवा किलोमीटर लंबाई की रेलवे ट्रैक व प्लेटफॉर्म में सोमवार को कोच को मिलाकर तीन-तीन कोच की एक ट्रेन बनाने का काम शुरू होगा। ट्रेन बनाने में 5 से 7 दिन का समय लगेगा। हालांकि यह नई ट्रेन डिपो में ही चल पाएगी। मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर की अनुमति के बाद ही यह मुख्य ट्रैक पर चलेगी। पहला रैक भी अब अलग-अलग भाग में होकर डिपो के अंदर रखा हुआ है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | Free Press Journal | Bhopal | 13.02.2024 | 03 | City artist paints Bhopal Metro project | Neutral |


BHOPAL

Pg-03

www.freepressjournal.in

BHOPAL | TUESDAY | FEBRUARY 13, 2024


# City artist paints Bhopal Metro project




OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in


A young artist Shubham Raj Saral who has painted Bhopal Metro project is on display at Swaraj Vithika Art Gallery at Ravindra Bhawan in the city.

Shubham has received National Award and Madhya Pradesh State Rupankar Award. He has been painting for last 20 years. "I used to go to Delhi often. I used to look at Delhi Metro and wonder when the Metro will come to Bhopal. When Metro work started in Bhopal, I started making this project through landscape," Shubham said. He painted on different days and created different stages of work. It took three hours for one painting. "So far, I have made four paintings related to Bhopal Metro project. I will also make a series of this. When Metro starts, I will organise an exhibition of this series," he said.

**Metro News**

**14.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | HariBhomi | Bhopal | 14.02.2024 | 2 | भोपाल मेट्रो के लिए बनेगी 3.39 किलोमीटर लंबी दो जोड़ी सुरंग | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 14 फरवरी 2024

# भोपाल मेट्रो के लिए बनेगी 3.39 किलोमीटर लंबी दो जोड़ी सुरंग

◆ कंपनी को अंडरग्राउंड टनल बनाने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य भी करने होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी के द्वारा अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए दो जोड़ी टनल बनाने के आदेश जारी कर दिए। इसके लिए जारी टेंडर में कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल कंपनी को न्यूनतम दर का उल्लेख करने पर आर्डर दिया गया है। इस कंपनी के द्वारा दो सुरंग 3.39 किलोमीटर लंबी बनाई जाना है। यह सुरंग सिंधी कॉलोनी से नादरा बस स्टेंड साउथ और एशबाग रेलवे क्रासिंग से भोपाल रेलवे स्टेशन जंकशन तक बनना है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी को अंडरग्राउंड टनल बनाने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य भी करना होंगे।

भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन भूमिगत सुरंग और निर्माण कार्यों के तहत भोपाल स्टेशन के दक्षिण में एक रैंप को ऐशबाग क्रॉसिंग स्टेशन के पश्चिम में रैंप के साथ भोपाल जंक्शन स्टेशन और नादरा बस स्टैंड पर 2 भूमिगत स्टेशनों के माध्यम से जोड़ेगी। यह 27.87 किमी भोपाल मेट्रो चरण 1 परियोजना का पहला और एकमात्र भूमिगत पैकेज है। निर्माण को दिसंबर 2019 में हस्ताक्षरित करीब 3584 करोड़ रुपए ऋण के माध्यम से यूरोपीय निवेश बैंक ईआईबी द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए मई 2023 में बोलियां आमंत्रित की थीं। 892 करोड़ का अनुमान और 1274 दिन 3.5 वर्ष निर्माण की समय सीमा तय की गई है।

**2** सुरंग 3.39 किलोमीटर लंबी बनना है, जो सिंधी कॉलोनी से नादरा बस स्टैंड साउथ और ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग से भोपाल रेलवे स्टेशन जंक्शन तक बनेगी



भोपाल। मेट्रो ट्रेन की ऑरेंज लाइन का ट्रैक सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन और गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर का फ्लाईओवर दोनों प्रोजेक्ट का काम अब अंतिम चरण में है। इन दोनों प्रोजेक्ट के तेजी से हुए निर्माण कार्य को ड्रोन से ली गई तस्वीर के जरिए दिखाया गया है। फोटो सौजन्य : मनिंदर सिंह

### हाल ही में आईं दो मेट्रो की जा रहीं कनेक्ट

गुजरात के सांवली बड़ोदरा से भोपाल में 2 मेट्रो ट्रेनें और आ गई हैं। सुभाष नगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन में इन्हें कनेक्ट किया जा रहा है। इसके बाद टेस्टिंग होगी और फिर टेस्टिंग होने पर ट्रेनें ट्रैक पर दौड़ने लगेंगी। कनेक्टिंग और टेस्टिंग में सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर समेत 50 से ज्यादा लोगों की टीम लगी है।

### स्टील ब्रिज के गर्डर लांच

हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज का काम भी शुरू हो गया है। इस ब्रिज के लिए दो तरफा काम चल रहा है। जबकि मंगलवार को डीआरएम ऑफिस के पास गर्डर लांच किए गए। इससे रेलवे क्रासिंग के साथ ही रोड पर स्टील ब्रिज बनने लगा है।

**Metro News**
**15.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 15.02.2024 | J6 | डिपो में रैं, एडमिन ब्लॉक तैयार ; 14 लिफ्ट ,9 एस्कलेटर के साथ 5 स्टेशन का काम तेज़ | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 15-02-2024 Pg-J6

# भोपाल फ्रंट पेज

गुरुवार 15 फरवरी, 2024

भोपाल मेट्रो • पहले चरण की तैयारी

## डिपो में रैम्प, एडमिन ब्लॉक तैयार; 14 लिफ्ट, 9 एस्केलेटर के साथ 5 स्टेशनों का काम तेज




### 3 मेट्रो अब तक आ चुकीं, कुल 27 आनी हैं

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो रेल के पहले फेज में 6.2 किमी ट्रैक पर प्रारंभिक परीक्षण सितंबर 2024 तक कर दिया जाएगा। इसके 4 किमी ट्रैक पर ट्रायल रन 3 अक्टूबर 23 को शुरू हो चुका है। इसके लिए सुभाष नगर में बन रहे मेट्रो के डिपो में रैम्प से लेकर एडमिन ब्लॉक तक का निर्माण हो चुका है। सुभाष नगर में 3 लिफ्ट और रानी कमलापति स्टेशन पर 2 लिफ्ट चालू कर दी गई हैं। सुभाष नगर और रानी कमलापति स्टेशन पर ग्राउंड से कॉनकोर्स और कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म तक 4 एस्केलेटर चालू हो चुके हैं। अब तक 14 लिफ्टों और 9 एस्केलेटर का निर्माण पूरा हो चुका है। शहर के लिए कुल 27 मेट्रो आएंगी। इनमें से अब तक 3 मेट्रो आ चुकी हैं।

### डिपो में यह बन रहा

- रिसीविंग सबस्टेशन (आरएसएस) और ट्रैक्शन सबस्टेशन (टीएसएस) के अधिकांश सिविल और फिनिशिंग कार्य, उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग पूरी।
- **एडमिन ब्लॉक:** संरचना का काम पूरा हो चुका है। ब्लॉक वर्क और बाहरी प्लास्टर का काम चल रहा है।
- दो सहायक सब स्टेशन का सिविल कार्य पूरा हो चुका है। इनमें ही बिजली सप्लाई बाहर से लाई जाएगी।
- इंस्पेक्शन बे में, चार लाइनों में से पहली लाइन का काम पूरा हो चुका है। इसमें सभी मेट्रो की जांच, वॉशिंग व मेंटेनेंस होगा।
- इसके अलावा अनलोडिंग-बे, रैम्प, टेस्टिंग ट्रैक और ट्रायल फिनिशिंग का काम भी हो चुका है।

### स्टेशन में काफी कुछ काम पूरे

1. बोर्ड ऑफिस चौराहा और रानी कमलापति स्टेशन सहायक उप केंद्र/टीएसएस उपकरण लगाए जा चुके हैं। बोर्ड ऑफिस चौराहा स्टेशन पर उपकरण पूरी तरह लगाए जा चुके हैं।
2. सुभाष नगर से रानी कमलापति तक मुख्य लाइन (अप लाइन) के लिए तीसरी रेल स्थापना का काम प्रगति पर है।
3. मुख्य लाइन- डाउन ट्रैक प्लिंथ कास्टिंग, इंस्टालेशन और रियर का काम सुभाष नगर से आरकेएमपी पूरा। सुभाष नगर में रैंप भी पूरा।
4. मुख्य लाइन-सुभाष नगर से आरकेएमपी तक अप ट्रैक प्लिंथ कास्टिंग, इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो चुका है। केंद्रीय विद्यालय से एमपी नगर खंड, डिपो रैंप तक काम पूरा।
5. सुभाष नगर स्टेशन से पी-176 के बीच एक क्रॉस ओवर सहित प्लिंथ कास्टिंग और ट्रैक इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो चुका है।
6. रोशनी के लिए दो हाईमास्ट (और लाइटनिंग अरेस्टर) का निर्माण पूरा हो चुका है और शेष 6 का काम चल रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Raj express | Bhopal | 15.02.2024 | 05 | मेट्रो की पहली अंडरग्राउंड ट्विन टनल बनाने पर 125 करोड़ काम खर्च होंगे | Neutral |



# मेट्रो की पहली अंडरग्राउंड ट्विन टनल बनाने पर 125 करोड़ रुपए कम खर्च होंगे

## नादरा से रेलवे स्टेशन के बीच इसमें दौड़ेगी, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 892 करोड़ रुपए निर्धारित की थी लागत, केपीआईएल-ग्लूमाक के संयुक्त उपक्रम को सौंप रहे जिम्मा

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में मेट्रो चलाने के लिए पहली अंडरग्राउंड ट्विन टनल का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसका जिम्मा कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इनटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल)-ग्लूमाक के संयुक्त उपक्रम को सौंपा जा रहा है। खास बात यह है कि कंपनी अनुमानित लागत से सवा सौ करोड़ रुपए कम में यह कार्य करेगी। इसके लिए कंपनी को 1274 दिन यानि साढ़े तीन साल का समय दिया जाएगा।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ट्विन टनल के निर्माण के लिए पिछले साल मई में बिड बुलाई थी। कॉर्पोरेशन ने 892 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया था। इसमें एलएंडटी, टाटा



प्रोजेक्ट्स, हिदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर समेत छह कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। पांच कंपनियों ने कॉर्पोरेशन की ओर से निर्धारित लागत से कम की बिड दी। केपीआईएल-ग्लूमाक के संयुक्त उपक्रम ने सबसे कम 768.99 करोड़ रुपए में यह कार्य करने का ऑफर दिया। ऐसे में उसे इस काम का जिम्मा सौंपा जा रहा है।

**एक किमी लंबी होगी भूमिगत टनल:** राजधानी में पहले चरण में मेट्रो के दो रूट मंजूर किए गए हैं। पहला एम्स से करोंद और दूसरा, डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एम्स से करोंद रूट से निर्माण की शुरुआत की है। यह 13.4 किमी लंबाई में जमीन से ऊपर और 3.4 किमी हिस्सा भूमिगत रहेगा। इस रूट पर जमीन के ऊपर 14 और अंडरग्राउंड दो स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। भूमिगत स्टेशन नादरा बस स्टैंड और भोपाल रेलवे स्टेशन के पास बनेंगे। खास बात यह होगी कि नादरा बस स्टैंड से भोपाल रेलवे स्टेशन के बीच अंडरग्राउंड ट्विन टनल में मेट्रो दौड़ेगी। यह करीब एक किमी लंबा होगा। एक टनल से अप और दूसरी से डाउन लाइन की मेट्रो चलेगी। आग या अन्य आपात स्थिति बनने पर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दोनों भूमिगत सुरंग के बीच क्रॉस पैसेज बनाए जाएंगे। यह रैम्प जैसे होंगे। ट्विन टनल सिंधी कॉलोनी स्टेशन के दक्षिण को एक रैम्प के जरिए ऐशबाग क्रॉसिंग स्टेशन के पश्चिम को जोड़ेगी। यह दोनों मेट्रो रूट का इकलौता भूमिगत हिस्सा है। अंडरग्राउंड स्टेशन, ट्विन टनल के निर्माण, इनमें सीवेज, पानी व ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने का काम चयनित कंपनी को करना होगा।

### प्रोजेक्ट के लिए आधे से अधिक लोन

एम्स से करोंद और डिपो चौराहा से रत्नागिरी तिराहा रूट पर 6900 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान लगाया है। इसकी व्यवस्था करने के लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) से करार किया है। लोन एग्रीमेंट दिसंबर-2019 में किया गया था। ईआईबी 3584 करोड़ का कर्ज मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को मुहैया कराएगा। जाहिर है लागत राशि का 50 फीसदी से अधिक पैसा कर्ज के तौर पर लिया जाएगा। इस राशि का उपयोग मेट्रो रूट, रेलवे स्टेशनों के साथ ही ट्विन टनल आदि के निर्माण में किया जाएगा।

**Metro News**
**16.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 16.02.2024 | 02 | सुभाष नगर से ऐशबाग ओर सिन्धी कालोनी से करोंद तक एलेवेटेड रूट बनेगा | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 16-02-2024 Pg-02

### सुभाष नगर से ऐशबाग और सिंधी कॉलोनी से करोंद तक एलिवेटेड रूट बनेगा

# सिंधी कॉलोनी से ऐशबाग तक 3.39 किमी अंडरग्राउंड मेट्रो; निर्माण में साढ़े 3 साल लगेंगे

## 1365.39 करोड़ के इन कामों के टेंडर की मंजूरी के लिए आई ईआईबी की टीम

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

सिंधी कॉलोनी से ऐशबाग तक 3.39 किमी में भोपाल में मेट्रो अंडरग्राउंड चलेगी। इस हिस्से में अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन बिछाने और भोपाल रेलवे स्टेशन व नादरा बस स्टैंड के अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के निर्माण पर 768.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह काम साढ़े तीन साल में पूरा होगा। सुभाष नगर से ऐशबाग 1.62 किमी, सिंधी कॉलोनी से करोंद 3.72 किमी के हिस्से में एलिवेटेड मेट्रो लाइन बिछाने और 6 स्टेशन बनाने पर 596.40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह काम 3 साल में पूरा होगा।

मेट्रो रेल कंपनी ने इन कामों के लिए जारी टेंडर को अपने स्तर पर स्वीकृत कर दिया है। अंतिम मुहर प्रोजेक्ट के फाइनेंसर यूरोपियन इंवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) की टीम पिछले दो दिन से भोपाल में है। टीम ने मेट्रो प्रोजेक्ट की अब तक की प्रोग्रेस के साथ ही दोनों कामों के टेंडर और ग्राउंड रियलिटी को समझा ईआईबी के ग्रीन सिग्नल के बाद मेट्रो रेल कंपनी दोनों काम करने वाली एजेंसियों से एग्रीमेंट करेगी। अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन का काम कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड और गुलमार्क की ज्वाइंट वैंचर कंपनी करेगी।

## पुल बोगदा पर इंटरचेंज भी बनेगा

सुभाष नगर से ऐशबाग के 1.62 किमी के हिस्से में पुल बोगदा और ऐशबाग पर स्टेशन बनेंगे। इसके साथ ही पुल बोगदा पर इंटरचेंज बनेगा। यानी यहां पर करोंद से एम्स और भदभदा से रत्नागिरि दोनों लाइन की मेट्रो की क्रासिंग होगी। यानी एक रूट के यात्री यहां से दूसरे रूट की मेट्रो में सफर कर सकेंगे। सिंधी कॉलोनी से करोंद तक 3.72 किमी के हिस्से में सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करोंद ऐसे चार स्टेशन बनेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 16 .02.2024 | 05 | सीबी चक्रवर्ती को मेट्रो रेल, किरोड़ी स्मार्ट सिटी भोपाल के प्रभारी | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 16-02-2024 Pg-05

आईएएस अधिकारी इधर-उधर

# चक्रवर्ती को मेट्रो रेल, किरोड़ी स्मार्ट सिटी भोपाल के प्रभारी

## मंडलोई रेल कॉर्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

राज्य सरकार ने फिर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। नगरीय विकास विभाग में दो अपर आयुक्त की पोस्टिंग की गई है। वर्ष 2016 बैच के किरोड़ीलाल मीणा को संचालक राज्य कंप्यूटर सिक्यूरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम से अपर आयुक्त नगरीय विकास भेजा गया है। साथ ही उन्हें भोपाल स्मार्ट सिटी के सीईओ का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

उद्योग विभाग में सचिव व 2008 बैच के आईएएस सीबी चक्रवर्ती को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भोपाल के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। किरोड़ीलाल के स्मार्ट सिटी का पद संभालने के बाद भोपाल नगर निगम के आयुक्त फ्रेंक नोबल ए (2013) इस जवाबदारी से मुक्त होंगे।इसी तरह सीबी चक्रवर्ती के मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का जिम्मा संभालने के बाद नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई रेल कॉर्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## नगरीय विकास विभाग में दो अपर आयुक्त

हाल ही में जीएडी से प्रशासन अकादमी भेजे गए अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार (1989) को कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विनोद कुमार के चार्ज लेने के बाद ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव इस जवाबदारी से मुक्त होंगे। इसी तरह सतना जिला पंचायत के सीईओ डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े को नगरीय विकास विभाग में अपर आयुक्त पदस्थ किया गया है।

## मुख्यमंत्री यादव के उप सचिव बने श्रीवास्तव, दूसरे उप सचिव अंशुल को स्वान का प्रभार

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व माध्यमिक शिक्षा मंडल में उप सचिव हृदयेश कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री का उप सचिव पदस्थ किया गया है। सीएम के उप सचिव अंशुल गुप्ता को राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम के संचालक तथा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (स्वान) के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | हरि भूमि | भोपाल | 16.02.2024 | 02 | सीबी चक्रवर्ती मेट्रो एमडी, किरोड़ी बने सीईओ स्मार्ट सिटी | Neutral |



आईएएस अफसरों के तबादले

# सीवी मेट्रो एमडी, किरोड़ी बने सीईओ स्मार्ट सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने गुरुवार को आदेश जारी कर दो आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी करने के साथ ही 3 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। साल 2016 बैच आईएएस के अधिकारी किरोड़ी लाल मीणा संचालक राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम और डॉ. परीक्षित संजय राव झाडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल पदस्थ किया है। मीणा को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी भोपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1989 बैच के अधिकारी विनोद कुमार महानिदेशक नरोन्हा प्रशासन अकादमी को अपने वर्तमान कर्तव्य के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, सीबी चक्रवर्ती एम सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग और सचिव परिवहन विभाग को प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## मुक्त होंगे विनोद और नोबल

अंशुल गुप्ता उप सचिव मुख्यमंत्री एवं प्रबंध संचालक मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम भोपाल को संचालक राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम और प्रबंध संचालक स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अब अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार के कार्यभार ग्रहण करने पर मनु श्रीवास्तव कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे। मीणा के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी स्मार्ट सिटी का कार्यभार ग्रहण करने पर आयुक्त नगर निगम फ्रैंक नोबल प्रभार से मुक्त होंगे। सीबी चक्रवर्ती के प्रबंध संचालक मेट्रो रेल का कार्यभार ग्रहण करने पर नीरज मंडलोई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## राठी, रुचिका का तबादला, संदीप को बीडीए से हटाया

2010 बैच के अधिकारी तरुण राठी संचालक जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान भोपाल को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और अपर सचिव विधि एवं विधाई कार्य विभाग पदस्थ किया गया है। 2011 बैच की रुचिका चौहान को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से अब अपर सचिव मध्य प्रदेश शासन नियुक्त किया गया है। भोपाल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप केरकट्टा को उपसचिव पदस्थ किया गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक जागरण | भोपाल | 16.02.2024 | 04 | औधयोगिक नीति एवं निवेश सचिव को सौंपा प्रबंध संचालक मेट्रो रेल भोपाल का अतिरिक्त प्रभार | Neutral |



# औद्योगिक नीति एवं निवेश सचिव को सौंपा प्रबंध संचालक मेट्रो रेल भोपाल का अतिरिक्त प्रभार

## दो आईएएस अफसरों का किया स्थानांतरण, अपर आयुक्त बनाया

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को दो आईएएस अफसरों के स्थानांतरण और अन्य अफसरों को अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश जारी किया है। इसमें प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल का अतिरिक्त प्रभार आईएएस सिबी चक्रवर्ती एम सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसी आदेश में आईएएस किरोड़ी लाल मीना संचालक राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी ईसीडेंट रिस्पॉंस टीम भोपाल को अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल और डॉ. परीक्षित संजयराव झाड़े मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना को अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही आईएएस विनोद कुमार महानिदेशक आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी भोपाल को अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग और आईएएस अंशुल गुप्ता उप सचिव मुख्यमंत्री को संचालक राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी ईसीडेंट भोपाल व प्रबंध संचालक स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### श्रीवास्तव अब होंगे उप सचिव मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मध्य पद्रेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासकीय आधार पर तत्काल प्रभाव से ह्दयेश कुमार दीक्षित (राप्रसे) उप सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल को उप सचिव मुख्यमंत्री के पद पर पदस्थ किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि यह पदस्थापना अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक के लिए की जाती है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Free Press | Bhopal | 16.02.2024 | 05 | Meena becomes CEO of Smart City, CB gets charge of Metro | Neutral |


BHOPAL CITY

/ BHOPAL | FRIDAY | FEBRUARY 16, 2024 www.freepressjournal.in

05


# Meena becomes CEO of Smart City, CB gets charge of Metro

OUR STAFF REPORTER
Bhopal

The state government transferred IAS officers on Thursday and gave them additional charges.

KL Meena was transferred as additional commissioner of Urban Development Department and given the additional charge of CEO Bhopal Smart City.

CEO of Satna Panchayat Parikshit Jhade was appointed as additional commissioner of Urban Development Department.

Secretary of Industries and Transport CB Chakravarty has been given the additional charge of Metro Rail Corporation.

Additional chief secretary Vinod Kumar was given the charge of Cottage and Village Industries Department.

Deputy secretary of Higher Secondary Education Board Hrideysh Kumar Shrivastava transferred as deputy secretary to CM's Secretariat

## CEO-BDA transferred

The government also shifted chief executive officer of Bhopal Development Authority Sandeep Kerketta. He was appointed deputy secretary till further orders.

Besides, director of WALMI Tarun Rathi was transferred as joint CEO to the office of the chief electoral officer.

Joint CEO of chief electoral office Ruchika Chouhan is appointed as additional secretary government of Madhya Pradesh.

MP METRO NEWS

**17 FEBRUARY 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | RajExpress | bhopal | 17.02.2024 | 02 | एमडी का जिम्मा संभालने के बाद चक्रवर्ती ने देखी प्रगति | Neutral |

# एमडी का जिम्मा संभालने के बाद चक्रवर्ती ने देखी प्रगति

आईएएस अधिकारी सिबी चक्रवर्ती ने शुक्रवार को मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी का जिम्मा संभाल लिया। इसके तुरंत बाद उन्होंने काम भी शुरू कर दिया। अधिकारियों के साथ मौजूदा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। फिर सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट पर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रायोरिटी कॉरीडोर के सभी काम तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | RajExpress | Bhopal | 17.02.2024 | 02 | नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड से दे सकें - इंदौर मेट्रो का किराया | Neutral |



ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए तीन कंपनियों में मुकाबला, 230 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान

# नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड से दे सकेंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो का किराया

**दूसरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी यह चलेगा**

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी और इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन के बीच अब स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू करने की तैयारी है। खास बात यह होगी कि यात्रियों को काउंटर पर जाकर टिकट नहीं लेना होगा। नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के जरिए टिकटिंग होगी और भुगतान किया जा सकेगा। यह एक तरह का स्मार्ट कार्ड होता है जो केवल भोपाल और इंदौर मेट्रो तक सीमित नहीं होगा। किसी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हालांकि, इसमें समय लग सकता है।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अक्टूबर, 2023 में भोपाल और इंदौर में इस सिस्टम के लिए ऑफर बुलाए थे। इस पर 230 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है। यह कार्य करने के लिए चार साल की समय सीमा तय की है। अब इस सिस्टम के लिए तीन कंपनियों ने ऑफर दिए हैं। एसिस इलेक्ट्रॉनिक वे बिलिसिम सिस्टमलेरी पुणे, कोच्ची व मुंबई मेट्रो के लिए यह कार्य कर चुकी है। सेलिंगफॉस्ग ग्लोबल डिजिटल टेक्नोलॉजीस यह सिस्टम चेन्नई मेट्रो में लगा चुकी है। तीसरी कंपनी एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। कॉर्पोरेशन इनके तकनीकी ऑफर्स का मूल्यांकन करेगा। इसमें सफल रहने वाली कंपनियों के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे। न्यूनतम रेट देने वाली कंपनी को इसका जिम्मा सौंपा जाएगा। चयन की प्रक्रिया पूरी होने में दो से तीन महीने का समय लग सकता है।



## क्यूआर कोड से मिलेगा टिकट

ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का प्रोजेक्ट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से किया जाएगा। चयनित एजेंसी को यह सिस्टम डिजाइन, निर्माण, सप्लाई, लगाने के साथ ही इसकी टेस्टिंग और लागू करना होगा। इसमें क्यूआर कोड बेस्ड टिकटिंग सिस्टम रहेगा। क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट मिलेगा और किराया भी यूपीआई व अन्य ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिए दिया जा सकेगा। बताया जा रहा है एक बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक ने अक्टूबर, 22 में भोपाल व इंदौर मेट्रो के एएफसी सिस्टम के फायनेंशियल बैंकिंग कॉन्ट्रेक्ट के लिए बिड किया था।

## किराया तय होने के बाद लागू होगा मोबिलिटी कार्ड

मेट्रो का किराया एक कमेटी तय करेगी। यह निर्धारित होने के बाद नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड शुरू किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि यात्री किसी भी ऑपरेटर के ट्रांसपोर्ट और सेवाओं के उपयोग के लिए पेमेंट कार्ड से कर सकेगा। बताया जा रहा है भोपाल और इंदौर मेट्रो में पहले इस कार्ड की टेस्टिंग की जाएगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट संभाल रही बीएमसी, बीसीएलएल जैसी एजेंसियों के साथ ही राज्य व नेशनल हाईवे टोल्स वसूल रहे विभागों को एक प्लेटफॉर्म पर आना होगा। फिर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसे लागू किया जाएगा। अभी एनसीएमसी का उपयोग कुछ राज्यों में बेहद सीमित स्तर पर किया जा रहा है।

## एमडी का जिम्मा संभालने के बाद चक्रवर्ती ने देखी प्रगति

आईएएस अधिकारी सिबी चक्रवर्ती ने शुक्रवार को मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी का जिम्मा संभाल लिया। इसके तुरंत बाद उन्होंने काम भी शुरू कर दिया। अधिकारियों के साथ मौजूदा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। फिर सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट पर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रायोरिटी कॉरीडोर के सभी काम तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Haribhomi | bhopal | 17.02.2024 | 04 | एमडी का पदभार संभालते ही मैदान मे उतरे सिबी, जून मे मेट्रो चलाने देखे निर्माण कार्य | Neutral |



# एमडी का पदभार संभालते ही मैदान में उतरे सिबी, जून में मेट्रो चलाने देखे निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर सिबी चक्रवती ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करते हुए उन्होंने सबसे पहले विभिन्न कार्यों से संबंधित सभी अधिकारियों की बैठक लेकर पूरी व्यवस्था को समझा। इसके बाद अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम को देखा। इस दौरान उन्होंने मेट्रो स्टेशनों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देखा। मैनेजिंग डायरेक्टर सिबी चक्रवती ने प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम समय पर पूरा करने को कहा, जिससे मई जून माह तक कमर्शियल रन को शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ही मेट्रो कॉर्पोरेशन के ऑफिस में पहुंचकर पदभार संभाला। इसके बाद निरीक्षण किया। उन्होंने प्रायोरिटी कॉरिडोर को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट और कॉन्ट्रेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक भी की। वे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट पहुंचे। जहां उन्होंने निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं प्रगति देखी। निर्देश दिए कि कॉरिडोर के अंतर्गत शेष बचे कार्य भी समय पर पूरे कर लिए जाएं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Dainik Jagarn | bhopal | 17.02.2024 | 11 | मेट्रो के मैनिजिंग डायरेक्टर ने किया निरीक्षण, मई-जून मे होगा कमर्शियल रन | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 17 फरवरी 2024



# मेट्रो के मैनेजिंग डायरेक्टर ने किया निरीक्षण, मई-जून में होगा कमर्शियल रन

## समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर सिबी चक्रवती ने शुक्रवार को भोपाल में मेट्रो का काम देखा। वे मेट्रो स्टेशनों पर भी पहुंचे। प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम समय पर पूरा करने को कहा, ताकि कमर्शियल रन शुरू किया जा सके। प्रायोरिटी कॉरिडोर के सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशन के बीच पिछले साल ट्रायल रन हो चुका है और मई-जून तक कमर्शियन रन करने का टारगेट है। इसलिए मेट्रो कॉर्पोरेशन के अफसर स्टेशनों का काम पूरा करने में लगे हैं।

प्रबंध संचालक चक्रवती ने शुक्रवार को ही मेट्रो कॉर्पोरेशन के ऑफिस में पहुंचकर पदभार संभाला। इसके बाद निरीक्षण किया। उन्होंने प्रायोरिटी कॉरिडोर को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट और कॉन्ट्रेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक भी की। वे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट



पहुंचे। जहां उन्होंने निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं प्रगति देखी। निर्देश दिए कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत शेष बचे कार्य भी समय पर पूरे कर लिए जाए। प्रबंध संचालक के निरीक्षण के दौरान निदेशक (परियोजना) अजय शर्मा, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, महाप्रबंधक (सिविल) वाईसी शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल) संजय सिंह, महाप्रबंधक (ट्रैक) अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (ईएंडएम) एनडी शाक्यवार, महाप्रबंधक (रोलिंग स्टॉक) मनीष गंगारेकर आदि भी मौजूद थे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | Dainik Bhaskar | bhopal | 17.02.2024 | 15 | मप्र मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी ने पहली बैठक ली, समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 17-02-2024
Pg-15

# मप्र मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी ने पहली बैठक ली, समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का पदभार ग्रहण करने के साथ ही एमडी सिबी चक्रवर्ती एम ने भोपाल मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरिडोर को लेकर शुक्रवार को पहली समीक्षा बैठक की एवं साइट निरीक्षण किया। उन्होंने वर्तमान कार्य पर संतुष्टि जाते हुए शेष कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने भोपाल प्रायोरिटी कॉरिडोर को लेकर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट तथा कांट्रेक्टर्स से इसको लेकर विशेष चर्चा की।

## मेट्रो स्टेशन साइट पहुंचे...

बैठक के बाद वे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट पहुंचे। उनके साथ अजय शर्मा, निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), वाईसी शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल), संजय सिंह, महाप्रबंधक (सिविल), अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (ट्रैक), एनडी शक्यवार, महाप्रबंधक (ई एंड एम), मनीष गंगारेकर, महाप्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), जनरल कंसल्टेंट के अधिकारीगण एवं मेट्रो निर्माण कांट्रेक्टर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | दैनिक जागरण | भोपाल | 18.02.2024 | 09 | विभागों से तालमेल रखकर तय समय पर करें कार्य: चक्रवर्ती | Neutral |



# विभागों से तालमेल रखकर तय समय पर करें कार्यः चक्रवर्ती

## मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी पहुंचे इंदौर, अफसरों के साथ किया निरीक्षण

**जागरण, इंदौर।** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक बनने के बाद सीबी चक्रवर्ती पहली बार इंदौर आए। चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने इंदौर मेट्रो रेल कॉरिडोर को देखा और अफसरों से कहा कि अगले साल 17 किलोमीटर लंबाई में ट्रायल होना है। चक्रवर्ती ने कहा कि मेट्रो के काम समय सीमा में हों। इसके अलावा शहर के मध्य हिस्से के कामों के भी लक्ष्य निर्धारित करें। वे काम भी



समय पर पूरे हों। जमीन आवंटन की प्रक्रिया होने के बाद देरी नहीं होना चाहिए। चक्रवर्ती ने कहा कि दूसरे विभागों से समन्वय कर मध्य हिस्से में काम करें, क्योंकि वहां भूमिगत ट्रेक बनना है। भोपाल से इंदौर पहुंचे प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआयना किया। उन्होंने डिपो में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे मेट्रो स्टेशनों का देखने गए। मेट्रो कोच को भी उन्होंने देखा। इसके बाद चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 18 .02.2024 | 06 | तय समय मे हो काम, विभागों से रखा जाए तालमेल: चक्रवर्ती | Neutral |



**मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक पहुंचे इंदौर**

# तय समय में हो काम, विभागों से रखा जाए तालमेल: चक्रवर्ती



**इंदौर।** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक बनने के बाद सीबी चक्रवर्ती पहली बार इंदौर आए। चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने इंदौर मेट्रो रेल कॉरिडोर को देखा और अफसरों से कहा कि अगले साल 17 किलोमीटर लंबाई में ट्रायल होना है। चक्रवर्ती ने कहा कि मेट्रो के काम समय सीमा में हों।

भोपाल से इंदौर पहुंचे प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआयना किया। उन्होंने डिपो में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे मेट्रो स्टेशनों का देखने गए। मेट्रो कोच को भी उन्होंने देखा। इसके बाद चक्रवर्ती ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। अफसरों ने उन्हें बताया कि पिछले साल छह किलोमीटर का ट्रायल रन हो चुका है। इस साल रेडिसन चौराहा तक ट्रायल रन होगा। मध्य हिस्से में जो भूमि मेट्रो कॉर्पोरेशन ने मांगी है, उसके आवंटन का काम शुरू हो चुका है। बैठक के दौरान वे अब तक हुए निर्माण कार्य से संतुष्ट नजर आए, लेकिन यह भी कहा कि अब आगे के काम समय सीमा में होना चाहिए।

**Metro News**
**23.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 23.02.2024 | J4 | 7.5 मी. ऊं<br>स्टेशन से सीधे डीबी सिटी आ-जा सकेंगे | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 23-02-2024 Pg-J4

### जीजी फ्लाईओवर के नीचे से निकलेगा एफओबी

# 7.5 मी. ऊंचा एफओबी हो रहा तैयार, मेट्रो स्टेशन से सीधे डीबी सिटी आ-जा सकेंगे

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

राजधानी में मेट्रो का संचालन शुरू होने के बाद मेट्रो स्टेशन से सीधे डीबी सिटी आना-जाना किया जा सकेगा। इसके लिए यहां एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया जा रहा है। मेट्रो रूट के दूसरी तरफ डीबी सिटी के पास इसके लिए स्ट्रक्चर बनना शुरू हो गया है। यह स्ट्रक्चर बनने के बाद यहां सड़क के एक सिरे से दूसरे सिरे तक आने-जाने के लिए स्टील का फुटओवर ब्रिज (एफओबी) माउंट किया जाएगा। एफओबी सड़क से करीब 7.5 मीटर ऊंचा होगा।



### इस काम में करीब एक महीने का समय लगेगा



मेट्रो रेल कंपनी के अफसरों के अनुसार इस काम में करीब एक महीने का समय लगेगा। इसी तरह का एफओबी आरकेएमपी स्टेशन और सुभाष नगर पर भी लगाया जाएगा।

**Metro News**
**25.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | दैनिक जागरण | भोपाल | 25.02.2024 | 12 | ट्रायल को तैयार | Neutral |


दैनिक जागरण
विविध
12
भोपाल, 25 फरवरी, 2024 SUNDAY www.djmp.in/epaper





सुभाष नगर मेट्रो डिपो में शनिवार को मेट्रो के दूसरे रैक को ट्रायल के लिए पटरी पर उतारा गया। छाया : एचसी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | हरि भूमि | भोपाल | 25.02.2024 | 03 | 2026 के शुरुआती माह मे 27 ट्रेन भोपाल पहुँ जाएंगी | Neutral |


हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 फरवरी 2024




## 2026 के शुरुआती माह में 27 ट्रेन भोपाल पहुंच जाएंगी

# राजधानी के लिए अगले माह तीन और मेट्रो ट्रेन को मिली हरी झंडी

**सुभाष नगर डिपो में अभी चल रही है तीन ट्रेन की फिटिंग और टेस्टिंग**

**सुभाष नगर से करोंद तक करीब 7 किमी की भूमिगत लाइन की भी प्रक्रिया शुरू**

**डिपो व सुभाष नगर से एम्स तक 8 स्टेशन अगले माह तक हो जाएंगे तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो निर्माण ने गति पकड़ ली है और तीन और ट्रेन अगले माह भोपाल आ जाएंगी। अभी सुभाष नगर डिपो में तीन मेट्रो ट्रेन खड़ी हैं, जिनकी फिटिंग और जांच चल रही है। वहीं वर्ष 2026 के शुरू माह में मेट्रो की 27 ट्रेन भोपाल पहुंच जाएंगी। यह ट्रेन पहले से निर्धारित समय के अनुसार ही गुजरात से रवाना होकर भोपाल पहुंच रही हैं।

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार जिस गति से मेट्रो ट्रेन भोपाल पहुंच रही हैं, उसी गति से निर्माण कार्य चल रहे हैं। भोपाल में मेट्रो का डिपो सुभाष नगर में बन रहा है, जिसका काफी काम पूरा हो चुका है। जबकि यहां पहुंची तीन ट्रेनों की फिटिंग और टेस्टिंग का काम भी यहीं चल रहा है। जबकि तैयारियां इस तरह से की गई हैं कि पूरी 27 ट्रेन यहां रखने के साथ ही उनका मेंटेनेंस भी हो सके।



## सुभाष नगर से करोंद लाइन को हरी झंडी

मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक करीब सात किलोमीटर की अंडर ग्राउंड लाइन के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्माण कंपनी को जल्दी ही आर्डर दे दिया जाएगा। वहीं डिपो व सुभाष नगर से एम्स तक 8 स्टेशन अगले माह तक तैयार हो जाएंगे।

### पहले चरण में आठ किमी ट्रैक

भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में आठ किमी एम्स से सुभाष नगर तक पिलर व रेलवे लाइन डालने का काम 90 फीसदी पूरा हो गया है। इसके बाद सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक करीब सात किलोमीटर की अंडर ग्राउंड लाइन डाली जाएगी। वहीं दूसरे चरण में रत्नागिरी चौराहा से भदभदा तक करीब 12 किलोमीटर का रूट बनाने का काम होगा। सरकार ने इस रेल प्रोजेक्ट के तहत दो रूटों पर मेट्रो संचालन वर्ष 2024 में शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

**Metro News**

**26.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | Free Press | Bhopal/Indore | 26.02.2024 | 07/04 | Metro Trains stock tested on Main line | Neutral |

# MADHYA PRADESH

Pg-07 BHOPAL | MONDAY | FEBRUARY 26, 2024 www.freepressjournal.in

## Metro trains stock tested on main line

**Indore:** The testing of the new stock of the metro rail was performed by the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited on Saturday. Officials said that this testing was done on the main line from Gandhi Nagar to Super Corridor 3 Metro Station. The stock has been arrived in the city on Friday and then all the technical checks were done of it and then trial was performed. Similarly, the work of the Metro stations from Super Corridor 6 to Gandhi Nagar Metro Station is going on in full fledge and many stations have taken shape. When complete the total length of the first phase of the metro corridor would be around 32.32 km from Gandhi Nagar, Super Corridor, MR 10, from Vijay Nagar, Radisson to Robot Square and from there to the airport via Bengali Square, Palasia and MG Road.

# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | MONDAY | FEBRUARY 26, 2024 Pg-04

## Metro rakes stock tested on main line

**INDORE:** The testing of the new stock of Metro rakes was performed by the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) on Saturday. Officials said that the testing was done on the main line from Gandhi Nagar to Super Corridor 3 Metro Station. The stock arrived in the city on Friday and all technical checks were done of the rakes and then trial run was performed.